टीम स्वच्छता सेवा दल कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। स्थानीय नगर परिषद पार्क में टीम स्वच्छता सेवा दल के कार्यकताओं द्वारा मंगलवार को वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर विभिन्न किस्म के पाँच पेड़ लगाये गये। संयोजक प्रवीण बंसल ने बताया कि युवाओं की टीम को इन पेड़-पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी का प्रण दिलवाया गया। टीम द्वारा लगातार विभिन्न अवसरों पर वृक्षारोपण अभियान के तहत विभिन्न किस्म के पेड़ पौधे लगाये जा रहे हैं। वृक्षारोपण अभियान हमारी धरती माँ के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव को प्रकट करता हैं। आज पूरे देश में प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ और धरती माँ दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। अमन पबड़ी ने बताया कि एक माह के अंदर ही देश भर में करोड़ों पौधे लगाये जा चुके हैं। गोपीराम बंसल ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा। इस दौरान अभय पबडी, अभिषेक शर्मा, गर्वित मीणा, कार्तिकेय सेहरा, लक्ष्य सेहरा समेत अन्य मौजूद रहें।

वनस्पति उद्यान का उद्घाटन आज

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविधालय में विकसित वनस्पति उद्यान का बुधवार को विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। जिसमें भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत भी शिरकत करेगें। प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत महाविधालय परिसर में 2 हजार औषधीय व फलदार पौधों से वनस्पति उद्यान विकसित किया गया है। जिससे पर्यावरण व जैव विविधता के प्रति छात्राओं एवं जन समुदाय में जागरूकता उत्पन्न होगी।

बर्लिन में मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

धौलपुर (सीमा सन्देश सं)। बर्लिन के प्रसिद्ध बर्लिनर डोम में भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर भारतीयों ने तिरंगा लहराया और भारत माता की जय और वन्देमातरम के नारे लगाए। स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीरों को याद किया गया और उनके बलिदान को नमन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन इंडिपेंडेंस डे सेलिब्रेशन कमिटी (INDCC) और भारतीय दूतावास ने किया था। बर्लिन के विभिन्न कार्यालयों में काम करने वाले भारतीयों ने इस समारोह में भाग लिया और स्वतंत्रता दिवस की खुशी में तिरंगा लहराया। बच्चों और वयस्कों ने रंगारंग प्रदर्शन किया, नृत्य किया और देशभक्ति गीत गाए। यह एक शानदार तरीका था जिसमें भारतीयों ने अपनी स्वतंत्रता की खुशी को विदेशी धरती पर मनाया।

आज लहराएंगे तिरंगा

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। 14 अगस्त सुबह 9:30 बजे झुझार सिंह पार्क में पौधारोपण एवं तिरंगा यात्रा रैली निकाली जाएगी। रैली मंडावा मोड शहीद बालूराम मूर्ति होते हुए नेहरा पहाड़ की सबसे ऊंची चोटी पर झंडा फहराया जाएगा। रैली को जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के अलावा शुभकरण चौधरी हरि झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

श्री पंचदेव मंदिर में बाबा गंगाराम जयंती मेला कल

नवनिर्मित आशीर्वाद मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा, सजेगी मथुरा की स्वचालित झांकियां

- **बड़ी संख्या में पधारे है बाहर से श्रद्धालु**

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर में गुरुवार को श्री बाबा गंगाराम का पावन जयंती मेला धूमधाम से विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। महोत्सव में सम्मलित होने के लिए देश के विभिन्न भागों से प्रवासी भक्तगण भी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे रहे हैं। महोत्सव के तहत शाम चार बजे से श्री पंचदेव मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या होगी। जिसमें कोलकाता के लोकप्रिय कलाकार सौरभ मधुकर, नवीन जोशी एवं करिश्मा चावला संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति देंगे। सावन महीने के अनुरूप रंग-बिरंगे फूलों के साथ झूले की झांकी सजाई गई है। इस बार सफेद संगमरमर से नवनिर्मित आशीर्वाद मंदिर विशेष आकर्षण सजावट की गई है। कोलकाता के कारीगरों द्वारा दरबार में फूलों की सजावट की गई है।

मथुरा की धार्मिक स्वचालित झांकियां भी सजाई गई हैं। मेले का प्रारंभ सुबह 4 बजे महामंगला आरती से होगा। जिसके बाद सुबह 8 बजे से विश्व शांति के लिए सामूहिक संगीतमय बाबा गंगाराम अमृतवाणी पाठ ट्रस्टी अनिल मोदी के सानिध्य में होगा। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष भाग लेंगे एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर के पट कल पूरे दिन खुले रहेंगे एवं दर्शन-पूजन का सिलसिला सारे दिन चलेगा। मेले में कार्यक्रमों की शृंखला में मंदिर परिसर में विशाल भजन-संध्या, संगीतमय सामूहिक-पाठ,

नृत्य-नाटिकाएं, अभिषेक, मनोहारी पुष्प–शृंगार, झूलनोत्सव, महाआरती, जन्मोत्सव, दर्शन-पूजन, छप्पन-भोग एवं बधाई- उत्सव सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झुंझुनूं के साथ ही देश के अन्य कई शहरों में भी बाबा गंगाराम जयंती महोत्सव के भव्य आयोजन होंगे। प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ल दशमी को बाबा गंगाराम के जन्मोत्सव पर्व पर आयोजित होने वाले उक्त समारोह में बाबा के भक्तगण बड़ी संख्या में यहां आते हैं। श्रद्धालुगण दरबार में मनौतियां मानते हुए अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। बाबा गंगाराम सेवा समिति द्वारा महोत्सव की व्यवस्था के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है तथा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

आज लगेगा सेवा शिविर

ज्ञात हो कि आगामी वर्ष श्री पंचदेव मंदिर–बाबा गंगाराम धाम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। इसी शृंखला में इस वर्ष विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी के तहत 14 अगस्त को सुबह 10 बजे मंदिर परिसर में एक सेवा शिविर का आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। जिसमें निशक्त एवं दिव्यांगजनों को आवश्यकतानुसार ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, वॉकर एवं अन्य उपयोगी उपकरण वितरित किए जाएंगे। साथ ही निराश्रित महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन वितरित की जाएगी। इसके लिए समिति के द्वारा आस–पास के गांवों एवं कस्बों से जरुरतमंदों का चयन करके उनका रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है। कैंप में झुंझुनूं शहर के अलावा बिसाऊ, महनसर, मंडावा, बुडाना, उदयपुरवाटी, सीथल, फतेहपुरा, चिड़ावा, दुराना, बबाई, बहादुरवास, गांगियासर, दुराना, टोडपुरा, खारिया, बगड़, पोसाना, इत्यादि स्थानों से भी प्रार्थीगण आएंगे। उक्त कैंप श्री बाबा गंगारामजी चेरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

कहा :- पीएम मोदी की मंशा अनुरूप घर-घर लगाये तिरंगा

पीएम मोदी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को सम्प्रभु बनाया : राव राजेन्द्र सिंह

- **हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की बैठक आयोजित**
- **विधायक हंसराज पटेल ने किया सम्बोधित**

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से भाजपा द्वारा देश भर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 व 15 अगस्त को आयोजित किये जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को राजमार्ग पर ग्राम खेड़की वीरभान स्थित होटल पैराडाईज में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य व विधायक हंसराज पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पांचों मण्डलों के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निदेर्शानुसार कार्यक्रम तय करते हुये आगामी 14 व 15 अगस्त को घर-घर पहुंचकर पुरी विधानसभा में तिरंगा लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक का भारत सम्प्रभु बना है।

कश्मीर से धारा ३७० हटाकर प्रधानमंत्री ने भारत को एकता व अखण्डता के सूत्र में पिरोया है। पहले कश्मीर का अलग विधान और अलग ध्वज था। लेकिन आज तिरंगा ही पुरे भारतवासियों की अस्मिता का प्रतीक है। इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिये यह अभियान शुरू किया गया है। अध्यक्षता करते हुये विधायक पटेल ने कहा कि ऐसा कोई घर ना छुटे, जहाँ तिरंगा ना लहराये। उन्होंने कार्यकताओं से अपार जोश व उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज को घर-घर पहुंचाने की अपील की। इस दौरान पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश मंत्री देवायुष सिंह, पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना व यादराम जांगल, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, मंडल अध्यक्ष रमेश रावत, कैलाश स्वामी, इंजी. विक्रम कसाना, नगर मंडल अध्यक्ष अरूण सैनी, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, कमल कसाना, युवा नेता जयसिंह पायला, सिद्धार्थ टोरडा, मंगल यादव, सांवतराम रावत, शेरसिंह यादव, एड. चेतराम रावत, महेश निर्वाण समेत अनेक कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड पर्सन्स का 12वां स्थापना दिवस मनाया

धौलपुर (सीमा सन्देश सं)। एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड पर्सन्स संस्था के 12वे स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा दृष्टि बाधित छात्राओं के लिए संत नगर बुराड़ी में संचालित किए जाने वाले छात्रावास में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर छात्रावास की दृष्टि बाधित छात्राओं ने गायन,नृत्य व भाषण के द्वारा लोगो समय बांध कर रख दिया । इन छात्राओं की प्रतिभा देखकर अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है कि यह दृष्टिहीन है।

संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी एवं करावल नगर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने छात्रओं की प्रतिभा व संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की । संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर सामरिक का विमोचन भी किया गया।

सन्त नगर बुराड़ी की भगत कलोनी में संचालित संस्था विभिन आर्थिक परेशानियों से भी जूझ रही है । कार्यक्रम में सम्मलित समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने संस्था की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है । संस्था के संचालक राजेन्द्र यादव स्वयं दिव्यांग हैं । वह दिव्यांगों की मुश्किलें बखूबी समझते हैं। इसी सोच के साथ उन्होंने इस संस्था की स्थापना 11 अगस्त 2011 को की थी।

न्यायालय परिसर में स्थित पुरानी बिल्डिंग को गिराने को लेकर एडीजे को लिखा पत्र

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में स्थित पुराने व जर्जर हालत में स्थित बिल्डिंग को गिराने को लेकर अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने एडीजे को पत्र लिखा है। अध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय परिसर में स्थित पुराने बिल्डिंग जर्जर हालात में है, कभी भी किसी भी समय जन धन की हानि हो सकती है। उक्त बिल्डिंग के बरामदे में अधिवक्ताओं के बैठने की सीट है।

नाम परिवर्तन

मैं सशपथ बयान करती हूं कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम किरण देवी(kiran devi) पत्नी सुरेश कुमार मीणा (suresh kumar meena) पुत्री प्रताप सिंह मीणा जो सही एवं सत्य है तथा मेरे समस्त दस्तावेजों में यही नाम दर्ज है मेरे आधार कार्ड नं.2305 0424 6196 के रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से सुरेश कुमार मीणा पत्न सुरेश कुमार मीणा लिखा दिया गया है जो की गलत है। अब मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम किरण देवी पत्नी सुरेश कुमार मीणा दर्ज करवाना चाहती हूं उक्त शपथ पत्र की आवश्यकता मेरे सही नाम की घोषणा व अखबार में विज्ञप्ति देने बाबत हुई है। उक्त नामो बाबत भविष्य में कोई वाद विवाद होता है तो उसकी समझ जिम्मेदारी मुझे शपथकर्ता की होगी।

शपथकर्ता
किरण देवी
निवासी - झुपड़ियां गाडोली
तहसील जहाजपुर जिला भीलवाड़ा,
नवसृजित जिला शाहपुरा राज.

तिरंगा रैली में भाग लेने वाले भूतपूर्व सैनिकों को मिलेगा दुबई घूमने का वीजा

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा अभियान में गौरव सैनानियों द्वारा 14 अगस्त को सायं 4 बजे शहीद कर्नल जेपी जानू स्कूल से शहीद स्मारक झुंझुनूं तक तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे ब्राइट विंग्स ट्रेवल एंड टूरिज्म कंपनी दुबई की तरफ से तिरंगा रैली में भाग लेने वाले भूतपूर्व सैनिकों को कम्पनी द्वारा कूपन वितरित किए जाएंगे। लक्की ड्रॉ में किसी एक भाग्यशाली विजेता को तीन रात चार दिन का मुफ्त पैकेज ब्राइट विंग कंपनी के माध्यम से दुबई घूमने का दिया जाएगा। जिसमें वीजा, खाना, थ्री स्टार होटल, एक्टिविटीज और आने वाले सभी सैनिकों को कम्पनी द्वारा ऑफर दिया जाएगा कि अगर वे कभी भी इस कम्पनी के माध्यम से दुबई आते हैं तो कम्पनी द्वारा एक महीने का वीजा भी मुफ्त दिया जाएगा।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करवाने की मांग को लेकर धरना 46वें दिन भी रहा जारी

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करवाने की मांग को लेकर चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्राम चतुर्भुज, तरियाला, ढ़ाणी रामनगर के ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा धरना मंगलवार को लगातार 46 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने 500 साल पुराने गांव का अस्तित्व मिटाने का कुत्सित प्रयास किया।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गांव या शहर की मुख्य आबादी से दूर लगाये जाते हैं। कोटपूतली नगर परिषद विश्व का पहला निकाय है जो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गांव की मुख्य आबादी के बीच में लगाने का प्रयास कर रही है। हम तब तक धरना प्रदर्शन करते रहेंगे जब तक सरकार इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करने का आदेश नहीं दे देती। सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि हमने जिला कलेक्टर, सचिव राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, सचिव स्वायत शासन एवं नगरीय विकास को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से होने वाली समस्याओं के संबंध में ग्रामवासियों के द्वारा हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र भेजे थे, लेकिन अब उनका जवाब नहीं मिला है, उनसे जवाब चाहने हेतु पुनः स्मरण पत्र भेजे जायेगें।धरने में चंद्रशेखर शर्मा, गिरिराज भारती, दिलीप यादव, सत्यनारायण शर्मा, प्रताप सरपंच, किशनलाल स्वामी, विक्रम सैन, खेमचंद स्वामी, रतनलाल आर्य, योगेन्द्र स्वामी, गंगादीन आर्य, अमीचंद धानका, अभिषेक शर्मा समेत महिलायें मौजूद रही।

कार्यालय नगरपरिषद् हनुमानगढ़ - राजस्थान

क्रमांक :- एफ.07(भण्डार)(गैरेज)2024-25/6819 दिनांक :- 08/08/2024

ई-निविदा सूचना संख्या 16/2024-25

नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा ई–निविदा सूचना क्रमांक 6390–6398 दिनांक 05.08.2024 कुल राशि 10.00 लाख रुपये से 01 कार्य करवाये जाने हेतु योग्य संवेदक/फर्म से ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 22.08.2024 को सायं 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाकर दिनांक 23.08.2024 को 3:00 बजे खोली जावेगी। निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को भी डाउनलोड किया जा सकता है।

(NIB No.- DLB2425A1632) UBN No. (Work01) DLB2425WSOB05057

राज.संवाद/सी/24/3695 आयुक्त

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड सूरतगढ़

क्रमांक :- 661 दिनांक : 03/08/24

ई-निविदा सूचना संख्या 03 वर्ष 2024-25

NIB Code: PWD2425A1014 (सड़क मरम्मत कार्य)

Bid for :- Repair of various roads and maintenance work under PWD Division Suratgarh are invited from interested bidders from dated 06.08.2024 to 16.08.2024 upto 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and departmental website. The approximate value of above 06 Nos. work procurement is Rs. 72.74 Lakhs.

1. PWD2425WSOB03808, 2. PWD2425WSOB03809, 3. PWD2425WSOB03810, 4. PWD2425WSOB03811, 5. PWD2425WSOB03812, 6. PWD2425WSOB03813

डीआईपीआर/सी/7079/2024 - अधिशाषी अभियन्ता सानिवि खण्ड सूरतगढ

सीएलआईए चैनल का स्थापना दिवस मनाया

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। मंगलवार को भारतीय जीवन बीमा निगम की सीएलआईए शाखा में चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर सीएलआईए चैनल का स्थापना दिवस मनाया गया।

सभी चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजरों का मुख्य शाखा के शाखा प्रबंधक राजीव मील, सीएलआईए शाखा प्रबंधक ललित मीणा व श्रीराम मीणा डिप्टी मैनेजर बैंक एंड इंश्योरेंस ने केक काटकर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन सीडब्लूए के शेखावाटी क्लस्टर अध्यक्ष जगदीश सिंह नांद, सीएडब्लूए अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भैड़ा, सचिव पवन कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र शर्मा, टीटीटी चेयरमैन कृष्ण सिंह, प्रवक्ता ओमप्रकाश बलौदा, राजकुमार ढाका, राजकृष्ण सिंह शेखावत, दलीप ढाका, रतनलाल शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, सुभाष कुमावत, बहादुरमल स्वामी, महेंद्र कुमार, मंगलाराम, कुलदीप, अनिल कुमार, सुमित व योगेश आदि मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य शाखा प्रबंधक सीएलआईए शाखा प्रबंधक डिप्टी मैनेजर व सभी चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजरों ने मिलकर सीएलआईए शाखा के सामने एक पेड़ मां के नाम के तहत पेड़ लगाया।

अध्यापक ने विद्यार्थी से बर्बरता पूर्ण तरीके से की मारपीट

- **बानसूर थाने में मामला दर्ज, जिला कलेक्टर ने दिये विभागीय जांच के आदेश**

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। जिले के बानसूर थाना क्षेत्र के एक निजी विधालय के कक्षा 8 वीं पढ़ने वाले एक स्कूली छात्र के साथ अध्यापक द्वारा बर्बरता पूर्ण तरीके से मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है।

इस सम्बंध में बालक के पिता ने बानसूर थाने में मामला भी दर्ज करवाया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम महनपुर, बानसूर निवासी महेन्द्र कुमार ने दर्ज करवाया कि उसका बेटा गौरव कौशिक बानसूर स्थित मरूधर सीनियर सैकण्डरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 8 वीं का छात्र है। विगत 12 अगस्त को दोपहर 1 बजे प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव का फोन आया कि आपके बच्चे की तबीयत खराब है, इसे घर ले जाओ। इस पर स्कूल पहुंचकर देखा तो बच्चा गौरव बुरी तरह घायल था। उसके पुरे शरीर पर डण्डे व थप्पर के निशान थे, इस बाबत पुछा तो उसने बताया कि अध्यापक आकाश चतुर्वेदी ने उसके साथ बुरी तरह डण्डे व थप्परों से मारपीट की है तथा उठा-उठाकर पटका है। बच्चे के साथ की गई मारपीट से उसका पुरा शरीर कम्पन कर रहा है तथा शरीर में ऐंठन के साथ जगह-जगह मारपीट व डण्डो से चोट एवं चेहरे पर थप्पर के निशान है एवं आंख पर भी गंभीर चोट आई है। रिपोर्ट में कार्यवाही की मांग करते हुये बताया गया है कि बच्चे के साथ बुरी तरह मारपीट की गई है, जिससे चला भी नहीं जा रहा है। इस पर बानसूर थाना पुलिस ने घायल बालक का मेडीकल मुआयना करवाकर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस सम्बंध में परिवादी महेन्द्र कुमार शर्मा ने जिला कलेक्टर कोटपूतली-बहरोड़ कल्पना अग्रवाल को भी लिखित में शिकायत करते हुये यह बताया है कि विगत वर्ष भी इसी प्रकार बच्चे के साथ मारपीट की गई थी। जिस पर विधालय प्रशासन द्वारा गलती स्वीकार कर लेने एवं पुनरावृत्ति ना होने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद भी इस तरह की घटना सामने आई है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने भी इस सम्बंध में पुलिस के साथ-साथ विभागीय जाँच के भी आदेश दिये है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WATER RESOURCES DIV-II, HANUMANGARH

No. : Acctt/2024-25/1633 Dated:- 05-08-2024

E-NIB No.02/2024-25

NIB Reference :-EE-NIB-02/2024-25 dated 02-08-2024

(NIB Code:-WRN2425A0031)

On behalf of the Governor of Rajasthan, this office invites e-bids from registered, experienced, qualified & eligible bidders forthe 06 works of Gam& R work in Ghaggarh, Khara, Pilibangan sub division and replacement of gate ksp work, ftg minor work, sherekan head ggr sub branch and Other detailcan be seen as per bid document which has been published / uploaded on website, www.dipr.rajasthan.gov.in, http://water.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in on 05.08.2024 to20.08.2024 at 06:00 PM & will be open on 21.08.2024 at 11:30 AM.

UBN No.- (WRN2425WSOB00140) (WRN2425WSOB00141) (WRN2425WSOB00142) (WRN2425WSOB00143) (WRN2425WSOB00144) (WRN2425WSOB00145)

DIPR/C/7193/2024 Executive Engineer

ज्ञापन दिया — इस घटना से संपूर्ण चिकित्सा जगत स्तब्ध

रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दूराचार के बाद हत्या का झुंझुनूं में विरोध

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में आठ अगस्त को महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दूराचार एवं उसके बाद उसकी नृशंस हत्या ने मानवता को शर्मसार किया है। इस घटना से संपूर्ण चिकित्सा जगत स्तब्ध है। यूनाइटेड प्राइवेट क्लीनिक एंड हॉस्पिटल एसोसिएशनऑफ राजस्थान (उपचार) इस घटना की घोर निंदा करता है। उपचार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कमलचंद सैनी के नेतृत्व में झुंझुनूं में पीड़िता के परिवार को न्याय एवं दोषियों को कठोरता

कार्रवाई की मांग करते हुए चिकित्सक समुदाय ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। उपचार ने मांग की है कि इस घटना की जांच सीबीआई को सौंप जाए। दोषियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हो और इस केस की सुनवाई फास्ट ट्रेक अदालत के माध्यम से की जाए तथा प्रदेश में रेजीडेंट डॉक्टर के कार्य के घंटे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार निर्धारित किए जाए। इस दौरान डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. लालचंद ढाका, डॉ. अरुण सुरा, डॉ. संजय फांडी, डॉ. उमराव कुलहरि, डॉ. अंकुर मील, डॉ. मुकेश बेनीवाल, डॉ. सुरेश रूलानिया, डॉ. संतोष ढाका, डॉ. जेपी बुगालिया, डॉ. जगदीशप्रसाद बुगालिया, डॉ. जेपी चौधरी, डॉ. राजीव कटारा, डॉ. कुंदन सैन, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. सहीराम, डॉ. हरलाल नेहरा, डॉ. विधान रावल, डॉ. जावेद, रशीद खान सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-A - अचल सम्पत्ति/यों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन नियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : नौवां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 001 फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

शाखा कार्यालय: ए-10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी-301019, राजस्थान। शाखा कार्यालय : एसबी-59, यूडीबी टॉवर्स, प्रथम तल, जयपुर नगर निगम के सामने, टोंक रोड, जयपुर-302015.

यहां जनसामान्य को एवं विशेष रूप से कॉलम नं.-ए में दिए गए ऋणधारक(ों) व जमानतदार(ों) को सूचित किया जाता है कि कॉलम नं. डी में वर्णित नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति(यां) सुरक्षित लेनदार के बंधक/प्रभार में हैं, का रचनात्मक/भौतिक कब्जा (कॉलम नं.-सी के अनुसार) मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड /सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार ''जैसा है जहां है, जो भी वहां है और वहां जो भी है के आधार पर'' विक्रय किया जाएगा।

यहां प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 अद्यतन तिथि को संशोधित के नियम 8(6) व 9 के अधीन ऋणधारक(ों)/बंधककर्ता(ओं)/विधिक वारिसों/विधिक प्रतिनिधि,(जो भी ज्ञात या अज्ञात), ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)(मृतक के बाद से) के निष्पादक(ों), प्रशासक(ों), उत्तराधिकारी(यों),संपत्ति-भागी(यों) मामले में कॉलम नं.-ए में दिखाए अनुसार को सूचित किया जाता है। विक्रय के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड /सुरक्षित देनदार की वेबसाइट यथा www.pnbhousing.com में दिए लिंक पर जाएं।

ऋण संख्या ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमातदार/विधिक उत्तराधिकारियों का नाम (ए)	मांग की गई राशि और दिनांक (बी)	कब्जे का प्रकार (सी)	बंधक सम्पत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित कीमत (आरपी) (इ)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	बोली जमा कराने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण की तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि व समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई , (के)
एचओयू/बीएचआई/0617/404060 जीतेन्द्र सोनी/ज्ञाति देवी, बी.ओ.: भिवाड़ी	12.07.2021 के अनुसार रुपये 13,77,012.056	(भौतिक)	फ्लैट नंबर-516, टीएफ, ब्लॉक-यू, ग्रेहान हिल व्यू गार्डन, गांव- थड़ा भिवाड़ी, तह- तिजारा, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान- 301019, अधिमापन 740 स्क्वेयर फीट	रुपये 11,50,000/-	रुपये 1,15,000/-	28.08.2024	रुपये 10,000/-	17.08.2024 दोपहर: 10.00 बजे से सायं 05:30 बजे के बीच	29.08.2024 प्रातः 12.30 बजे से दोपहर 02:30 के बीच	*शून्य/ज्ञात नहीं
एचओयू/जेपीआर/1116/333194 भंवर सिंह परमार/ उगल कंवर, बी.ओ.:जयपुर	26.10.2021 के अनुसार रुपये 3,14,361.00	(भौतिक)	फ्लैट नंबर एएफ/एसएफ/7(ईडब्ल्यूएस), जेपी-18: मैजेस्टिक रियल मार्ट प्राइवेट लिमिटेड, (अफोर्डेबल हाउसिंग) जोन-11, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान-302006	रुपये 3,31,000/-	रुपये 33,100/-	16.09.2024	रुपये 10,000/-	05.09.2024 दोपहर: 10.00 बजे से सायं 05:30 बजे	प्रातः 12.30 बजे से दोपहर 02:30 के बीच	*शून्य/*शून्य/ ज्ञात नहीं

*इसके भुगतान और/या वसूली की तिथि तक आगामी ब्याज @18% प्रतिवर्ष जैसा लागू हो, आकस्मिक खर्चों, लागत, प्रभारों आदि सहित। **पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की समग्र जानकारी व ज्ञान के अनुसार उक्त उल्लेखित अचल/सुरक्षित आस्तियों पर कॉलम नं.-के में क्या खुलासा है को छोड़कर कोई अन्य भार/दावे नहीं है। आगे कुछ भारों को सफल क्रेता/बोलीदाता को अपने द्वारा वहन/अदा किया जाना है। भावी क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे स्वतंत्र रूप से उल्लेखित भारों की सच्चाई की जांच कर लें।

1.